# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## कल्पनाकृति 2025: संस्कृति और रचनात्मकता के रंगारंग उत्सव का आयोजन

पन्तनगर। 17 मई 2025। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक संध्या 'कल्पनाकृति 2025' का आयोजन किया गया। यह सांस्कृतिक संध्या विद्यार्थियों की प्रतिभा और भारत की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत प्रदर्शन रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान कुलपति, विशिष्ट अतिथि उप–विभागीय मजिस्ट्रेट, ऊधम सिंह नगर श्री गौरव पॉडे एवं सहायक नगर आयुक्त, ऊधम सिंह नगर श्रीमति शिप्रा जोशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। विश्वविद्यालय के अन्य गणमान्य अधिकारीगण एवं संकाय सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कालिका वंदना ने शक्ति, नारी सशक्तिकरण और आत्मबल का संदेश नृत्य और संगीत के माध्यम से प्रभावशाली रूप में दर्शाया। इसके बाद लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य, एवं सामूहिक गायन जैसे एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां हुईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान डा. अल्का गोयल, विशिष्ट अतिथि श्री गौरव पॉडे एवं श्रीमति शिप्रा जोशी ने सभा को प्रेरणादायक शब्दों के साथ संबोधित किया तथा विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता, व्यक्तिगत विकास और समग्र प्रगति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और सक्रिय भागीदारी की सराहना की, साथ ही ऐसे आयोजनों को आत्मविश्वास, टीमवर्क, और व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। साथ ही गृह विज्ञान सोसाइटी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024—25 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित और शैक्षणिक सत्र 2024—25 के पदाधिकारियों का परिचय एवं सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्टाफ काउंसलर डा. दिव्या सिंह एवं सह–स्टाफ काउंसलर डा. पूजा टम्टा के मार्गदर्शन में हुआ।